भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3994

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

अटल टिंकरिंग लैब्स में शिक्षकों की क्षमता और मानव संसाधन सहायता

3994. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) में हाल के मूल्यांकनों में यथारेखांकित समर्पित मानव संसाधन और प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के बारे में जानकारी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान एटीएल पारितंत्र के अंतर्गत आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और उनमें प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या एटीएल का प्रबंधन करने वाले शिक्षकों के लिए कोई न्यूनतम प्रशिक्षण या प्रमाणन निर्धारित है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) किसी पदस्थापित एटीएल प्रभारी या समर्पित सहायता कर्मचारी के बिना और एटीएल के साथ संचालित विद्यालयों का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, साथ ही इसके कारण क्या हैं

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान एटीएल के लिए राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार आवंटित की गई, जारी की गई और उपयोग की गई निधि कितनी है, और शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिए अनुदान, आवर्ती परिचालन और अनुरक्षण व्यय, उपभोग्य सामग्रियों की खरीद और उपकरणों को बदलना संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार विद्यमान वित्तीय सहायता के स्तर को पर्याप्त मानती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार का समर्पित पद बनाकर, एटीएल प्रभारियों/सहायकों के लिए मानदेय प्रदान करके और आवर्ती परिचालन आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाकर एटीएल के लिए मानव संसाधन सहायता को सुदृढ़ करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी समय-सीमा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) अटल टिंकरिंग लैब्स के लिए मानव संसाधनों की कमी का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

(ख) एवं (ग) अटल टिंकरिंग लैब्स(एटीएल) का प्रबंधन करने वाले प्रत्येक शिक्षक के लिए अटल नवाचार मिशन(एआईएम) द्वारा विकसित अनिवार्य 'अनबॉक्स टिंकरिंग' प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। यह प्रशिक्षण अटल टिंकरिंग लैब्स के प्रभारी को हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा डिजाइन सोच की अवधारणाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे अटल टिंकरिंग लैब्स के विद्यार्थियों का प्रभावी रूप से मार्गदर्शन कर सकें। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या अनुलग्नक-। में दी गई है।

(घ) निर्धारित अटल टिंकरिंग लैब्स प्रभारी अथवा समर्पित सहायक कर्मचारियों के बिना ऐसी किसी अटल टिंकरिंग लैब्स का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

(ङ) विवरण अनुलग्नक-II में दिए गए हैं।

(च) एवं (छ) प्रत्येक अटल टिंकरिंग लैब्स के लिए पाँच वर्ष की अवधि में 20 लाख रुपये की सहायता-अनुदान राशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें से 10 लाख रुपये पूंजीगत व्यय के रूप में तथा 10 लाख रुपये परिचालन व्यय के रूप में स्वीकृत किए जाते हैं। परिचालन व्यय में अटल टिंकरिंग लैब्स के प्रभारी को मानदेय के रूप में प्रति माह 5,000 रुपये तक की राशि भी शामिल है।

*****

अनुलग्नक ।

श्री जी लक्ष्मीनारायण और श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न 3994 के भाग (बी) और (सी) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक, जो अटल टिंकरिंग लैब में शिक्षक क्षमता और मानव संसाधन सहायता से संबंधित है।

एटीएल में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या का राज्य-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	13
आंध्र प्रदेश	427
अरुणाचल प्रदेश	13
असम	388
बिहार	495
चंडीगढ़	162
छत्तीसगढ़	371
दादरा और नगर हवेली	3
दिल्ली	4,886
गोवा	53
गुजरात	669
हरियाणा	2,433
हिमाचल प्रदेश	264
जम्मू और कश्मीर	1,499
झारखंड	557
कर्नाटक	2,372
केरल	372
लद्दाख	1
मध्य प्रदेश	454
महाराष्ट्र	5,512
मणिपुर	9
मेघालय	66
मिजोरम	64
नागालैंड	61
ओडिशा	234
पुदुचेरी	95
पंजाब	1,974
राजस्थान	893
सिक्किम	643
तमिलनाडु	2,543
तेलंगाना	824

त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	1,760
उत्तराखंड	405
पश्चिम बंगाल	386
कुल	**30,902**

अनुलग्नक II

श्री जी लक्ष्मीनारायण और श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न 3994 के भाग (ई) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक, जो अटल टिंकरिंग लैब में शिक्षक क्षमता और मानव संसाधन सहायता से संबंधित है।

एटीएल के लिए आबंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आबंटित निधि (करोड़ रुपए में)	जारी निधि (करोड़ रुपए में)	उपयोग की गई निधि (करोड़ रुपए में)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2	1.44	1.17
आंध्र प्रदेश	142.6	100.4	74.42
अरुणाचल प्रदेश	6.4	4.16	3.03
असम	70.4	46.52	33.64
बिहार	19.4	13	9.26
चंडीगढ़	4.4	3	2.18
छत्तीसगढ़	73.6	57.52	42.46
दादरा और नगर हवेली	0.8	0.56	0.45
दिल्ली	39.6	29.32	22.23
गोवा	3.8	2.64	1.97
गुजरात	123	91.12	67.51
हरियाणा	87	62.4	45.22
हिमाचल प्रदेश	22.4	16.16	13.15
जम्मू और कश्मीर	25.4	18.12	13.52
झारखंड	25.2	18.36	12.61
कर्नाटक	159.6	114.68	86.88
केरल	73.8	52	38.09
लद्दाख	0.4	0.28	0.11
मध्य प्रदेश	120.2	89.52	64.46
महाराष्ट्र	206.6	149.12	116.79
मणिपुर	23.8	15.52	12.77
मेघालय	2.6	1.72	1.36
मिजोरम	5.2	3.56	3.05
नागालैंड	5.2	3.52	2.22

ओडिशा	66.2	43.88	30.21
पुदुचेरी	3.8	2.76	1.93
पंजाब	46	33.88	25.75
राजस्थान	102.2	73.96	51.12
सिक्किम	5.4	3.36	2.35
तमिलनाडु	195	146.56	108.52
तेलंगाना	75.8	59.2	43.71
त्रिपुरा	5.4	3.64	2.47
उत्तर प्रदेश	191	142.16	106.17
उत्तराखंड	17.4	12.44	8.87
पश्चिम बंगाल	48.4	34.92	26.17
कुल	**2000**	**1451.4**	**1075.82**

*****